महाराष्ट्रा ने गौड़ सिटी में किया स्टडी टूर

ग्रेटर नोएडा। शहर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित टाउनशिप प्रोजेक्ट गौड़ सिटी में शुक्रवार को रियल एस्टेट बॉडी क्रेडाई महाराष्ट्रा ने स्टडी टूर किया। लगभग 145 लोगों की टीम के साथ क्रेडाई महाराष्ट्रा के प्रेसिडेंट शांतिलाल कटारिया वहां पहुंचे और प्रोजेक्ट निर्माण की बारीकियां जानी।

इस मौके पर गौर्स ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने सभी सदस्यों को प्रोजेक्ट से जुडी तमाम जानकारियां साझा की और सदस्यों द्वारा पूछे सवालों का जवाब भी दिया। गौरतलब है कि क्रेडाई महाराष्ट्रा ने देश भर में रियल एस्टेट सेक्टर में चल रही नई गतिविधियों, तकनीकियों, अनोखे व बहुचर्चित प्रोजेक्ट्स को जानने के लिए पूरी टीम के साथ एनसीआर के कुछ चुनिन्दा प्रोजेक्ट्स का दौरा किया।